सीएम ने खेत में चलाया हल

डॉ. मोहन यादव ने कुकरू में किसानों का किया उत्साहवर्धन

बैतूल, 28 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने बैतूल प्रवास के दौरान रविवार को प्रसिद्ध हिल स्टेशन में ग्रामीण जीवन और कृषि संस्कृति से आत्मीय जुड़ाव का परिचय दिया. मुख्यमंत्री ने किसान सहादेव गायनी के खेत में पहुंचकर स्वयं हल चलाया और मक्का की बोवनी कर किसानों का उत्साहवर्धन किया.

इस अवसर पर किसान सहादेव गायनी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके पास लगभग 5 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वर्तमान में मक्का की बोवनी की जा रही है. मुख्यमंत्री ने खेती-किसानी की जानकारी लेते हुए कृषि कार्यों में रुचि दिखाई तथा किसानों से आत्मीय संवाद भी किया. इस दौरान उन्होंने खरीफ की बुवाई और उपज विक्रय के संबंध में भी जानकारी ली.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह सहज और आत्मीय अंदाज ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा. खेत में हल चलाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के अन्नदाताओं के परिश्रम का सम्मान किया और कृषि को राज्य की समृद्धि का आधार बताया.

इसी दौरान ग्राम के 21 वर्षीय युवक हेमंत गायनी ने मुख्यमंत्री के समक्ष पारंपरिक लाठी घुमाने की कला का प्रदर्शन किया. युवक की प्रतिभा से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री ने उसकी सराहना की तथा स्वयं भी लाठी घुमाकर उसका उत्साहवर्धन किया.

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य एवं सांसद दुर्गादास उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मप्र जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री आज नीमच में विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे

नीमच. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज 29 जून को नीमच प्रवास के दौरान हवाई पट्टी के सामने नीमच पर आयोजित कार्यक्रम में 3949.84 करोड की लागत के विभिन्न 162 विकास एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे. इनमें 1686.54 करोड के 64 विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन एवं शिलान्यास तथा 2263.3 करोड लागत के विभिन्न 98 कार्यो का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री डॉ.यादव व्दारा किया जावेगा. साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री डॉ.यादव व्दारा हितलाभ भी वितरित किये जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव नीमच में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.यादव एमएसएमई विभाग के विभिन्न 20 कार्यो का भूमिपूजन एवं तीन कार्यों का लोकार्पण करेंगे.

नदी में डूबने से तीन वर्षीय मासूम की मौत

रतलाम। जिले के बाजना थाना क्षेत्र के ठिकरिया गांव में शुक्रवार को दर्दनाक हादसे में तीन वर्षीय मासूम की डूबने से मौत हो गई। बांड्या नदी में डूबने से हुई इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

पुलिस के अनुसार ठिकरिया निवासी लोकेन्द्र डामोर के तीन वर्षीय पुत्र शिवम की बांड्या नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बाजना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रारंभिक जांच में मासूम की मौत का कारण पानी में डूबना पाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डिजिटल पुलिसिंग में रतलाम प्रदेश में नंबर-1

- राज्य स्तरीय आईसीजेएस कार्यशाला में पुलिस मुख्यालय ने सम्मान शील्ड से किया सम्मानित

नव भारत न्यूज

रतलाम। डिजिटल पुलिसिंग और तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में रतलाम पुलिस ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) के प्रभावी संचालन में वर्ष 2025 के लिए पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी), पुलिस मुख्यालय भोपाल ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार (आईपीएस) को सम्मान शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।यह सम्मान रविवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे मिंटो हॉल में आयोजित इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) विषयक राज्य स्तरीय कार्यशाला के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा किया गया था।रतलाम पुलिस को यह उपलब्धि अपराध एवं अपराधियों से संबंधित सूचनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण संधारण, सीसीटीएनएस के प्रभावी संचालन, ऑनलाइन पुलिस सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा तकनीक आधारित पुलिसिंग को मजबूत बनाने के लिए मिली है। इन प्रयासों के चलते रतलाम ने प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, न्यायमूर्ति संजीव कालगांवकर, एनसीआरबी नई दिल्ली के उपनिदेशक प्रसून गुप्ता, फॉरेंसिक एवं साइबर विशेषज्ञ डॉ. सैयद शरीक रिजवी, विशेष पुलिस महानिदेशक पंकज श्रीवास्तव, एनआईसी भोपाल के सुनील जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अभ्यारण्य में सोन चिरैया की वापसी की तैयारी

ग्वालियर, 28 जून. मध्यप्रदेश के घाटीगांव सोन चिरैया अभ्यारण्य में लगभग 18 वर्ष बाद ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (सोन चिरैया) की पुनर्स्थापना की तैयारी शुरू हो गई है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्थान से सोन चिरैया लाकर घाटीगांव तथा गांधी सागर अभ्यारण्य में बसाने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की है.

आधिकारिक जानकारी के अनुसार वर्ष 1981 में स्थापित 512 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले घाटीगांव अभ्यारण्य में कभी 30 से 35 सोन चिरैया निवास करती थीं. वर्ष 2001 की गणना में यहां 18 पक्षी दर्ज किए गए थे, लेकिन वर्ष 2018 की गणना में एक भी सोन चिरैया नहीं मिली.

वन विभाग के अनुसार घाटीगांव-शिवपुरी रेल लाइन निर्माण, बिजली के तारों का जाल तथा अवैध उत्खनन जैसी गतिविधियों के कारण इस दुर्लभ पक्षी का प्राकृतिक आवास प्रभावित हुआ और इसकी संख्या लगातार घटती चली गई.

> प्रस्तावित पुनर्स्थापना योजना के तहत राजस्थान सरकार के समन्वय से पहले चरण में छह से आठ सोन चिरैया घाटीगांव और गांधी सागर अभ्यारण्य में छोड़ी जाएंगी. इसके साथ ही घासभूमि के विकास, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा अभ्यारण्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने की भी योजना बनाई गई है.

कार-ई रिक्शा टक्कर में दो की मौत

ग्वालियर, 28 जून. जिले के डबरा थाना क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे परिवार के ई-रिक्शा को एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी. दुर्घटना में एक बालक सहित दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार डबरा थाना क्षेत्र के अमरपुरा नई बस्ती निवासी नीतेश जाटव का परिवार परिचितों के साथ महाराजपुरा स्थित एक विवाह समारोह में शामिल होकर ई-रिक्शा से घर लौट रहा था. ई-रिक्शा रामकिशन साहू चला रहे थे, जबकि नीतेश जाटव और उनकी पत्नी पीछे-पीछे मोटरसाइकिल से आ रहे थे.

डबरा-चीनौर मार्ग पर इटायल और बारौल के बीच एक पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही एक कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा कुछ दूरी तक घिसटता चला गया.

दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायलों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया.

> इस दुर्घटना में नौ वर्षीय लव जाटव और ई-रिक्शा चालक रामकिशन साहू की मृत्यु हो गई. दुर्घटना में आशीष जाटव, कल्पना जाटव, राज जाटव, कुशला साहू, महादेवी साहू, युवान साहू, रश्मि साहू और अजय साहू घायल हुए हैं. इनमें से गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है. पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया. पुलिस वाहन के पंजीयन नंबर के आधार पर चालक और वाहन मालिक की पहचान कर उसकी तलाश कर रही है.

शादी का झूठा नाटक रचकर ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

पन्ना, 28 जून. जिले में शादी का झूठा नाटक रचकर दो लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने कथित लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार किया है. मामले में उसके सहित तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हैं.

पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने बताया कि अमानगंज थाना क्षेत्र के मुकेहा गांव निवासी केतार सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 18 जून को नीरज पटेल नामक व्यक्ति ने फोन कर परिचित महिला से शादी कराने का प्रस्ताव दिया और इसके लिए दो लाख 20 हजार रुपये की मांग की. बाद में सौदा दो लाख रुपये में तय हुआ.

शिकायत के अनुसार 24 जून को फरियादी अपने परिजनों और परिचितों के साथ पवई पहुंचा, जहां आरोपी दो महिलाओं के साथ मिला. उसने फरियादी से दो लाख रुपये नकद लिए. इसके बाद वकील के माध्यम से कोर्ट मैरिज संबंधी नोटरी कराई गई तथा कलेही माता मंदिर में विवाह की रस्में पूरी कराई गईं.

नवजात की चीख बनी जीवनदान, पाइप से जिंदा निकाला

- रिंग रोड किनारे पानी निकासी के पाइप में फेंक गए थे बालक
- खेत जा रहे किसान ने रोने की आवाज सुनी तो बच गई जान

नव भारत न्यूज

रतलाम। रविवार सुबह शहर से लगे मथुरी गांव के पास एक मासूम की रोने की आवाज ने ऐसी सच्चाई उजागर की, जिसने हर किसी को झकझोर दिया। रिंग रोड किनारे पुलिया के नीचे पानी निकासी के पाइप में बोरे और प्लास्टिक की थैली में बंद एक नवजात बालक जीवित मिला।

मथुरी गांव निवासी किसान अंबाराम पाटीदार सुबह अपने खेत की ओर जा रहे थे। रिंग रोड चौराहे के पास पुलिया से गुजरते समय उन्हें किसी बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। पहले तो उन्हें भ्रम हुआ, लेकिन आवाज लगातार आती रही। उन्होंने आसपास तलाश शुरू की तो पानी के पाइप के भीतर एक बोरा दिखाई दिया। बोरा खोलते ही उसके अंदर प्लास्टिक की थैली में लिपटा नवजात बालक मिला, जो लगातार रो रहा था।

ग्रामीणों के मुताबिक नवजात की नाल और आंत तक नहीं कटी थी। इससे आशंका जताई जा रही है कि उसका जन्म कुछ ही घंटे पहले हुआ था और जन्म के तुरंत बाद उसे सुनसान स्थान पर छोड़ दिया गया। बोरे और प्लास्टिक में बंद होने के बावजूद मासूम की रोने की आवाज ही उसके जीवन की सबसे बड़ी उम्मीद बन गई। अंबाराम पाटीदार ने तुरंत गांव के लोगों को बुलाया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

सूचना मिलने पर डायल-112 और डीडी नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। नवजात को अपने संरक्षण में लेकर उपचार के लिए मदर एंड चाइल्ड हेल्थ (एमसीएच) यूनिट में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर उसकी निगरानी कर रहे हैं। डीडी नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव ने बताया कि नवजात सुरक्षित है.

> डीडी नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव ने बताया कि नवजात सुरक्षित है और उसके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है। बच्चे को वहां छोड़ने वाले तक पहुंचने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

मसाला कारोबारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच शुरू

ग्वालियर, 28 जून. शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र में एक मसाला कारोबारी ने अपने घर में कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 43 वर्षीय कपिल बंसल के रूप में हुई है. वह मूल रूप से डबरा के ठाकुर बाबा क्षेत्र के निवासी थे और पिछले लगभग 14 वर्षों से ग्वालियर के नई सड़क स्थित त्रिवेदी नर्सिंग होम के पीछे किराये के मकान में रह रहे थे. महाराज बाड़ा के निकट चौड़ी बाजार में उनकी मसालों की दुकान थी. परिजनों ने बताया कि शनिवार रात कपिल बंसल ने परिवार के साथ भोजन किया और इसके बाद अपने कमरे में सोने चले गए. देर रात उनकी पत्नी ने उन्हें फांसी के फंदे पर लटका देखा, परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई.

> मृतक के बड़े भाई नितिन बंसल ने बताया कि कपिल ने प्रेम विवाह किया था. परिवार के अनुसार उन्हें किसी आर्थिक अथवा पारिवारिक परेशानी की जानकारी नहीं थी और आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

एक्सपायरी डेट की शराब बिक्री में आबकारी अधिकारी निलंबित

मुरैना, 28 जून. जिले में सरकारी शराब दुकानों पर एक्सपायरी डेट की देशी शराब भेजे जाने के मामले में आबकारी आयुक्त ने जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र सिंह गुर्जर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई मुरैना कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई. 18 जून को सरकारी शराब भंडारण गृह से एक्सपायरी डेट की 260 पेटी देशी शराब बिक्री के लिए सरकारी दुकानों पर भेजी गई थी. यह खेप जिला आबकारी अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी की गई थी. शिकायत मिलने पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने मामले की जांच के लिए डिप्टी कलेक्टर प्रतिज्ञा शर्मा के नेतृत्व में दो सदस्यीय जांच दल गठित किया. जांच दल ने संबंधित परमिट फाइलों और पोर्टल पर दर्ज मदिरा भंडार का परीक्षण किया. जांच में एक्सपायरी डेट की शराब भेजे जाने में जिला आबकारी अधिकारी की लापरवाही पाए जाने की पुष्टि हुई.

हिना खान, अतुल सोनी सहित ग्वालियर के कई सीएसपी बदले

ग्वालियर. ग्वालियर में तैनात कई नगर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षकों के तबादले कर दिए गए हैं. नगर पुलिस अधीक्षक हिना खान, अतुल सोनी, जितेंद्र नगाईच का ट्रांसफर किया गया है. सीएसपी हिना खान 15 बटालियन, अतुल सोनी बालाघाट और जितेंद्र नगाईच का दतिया विशेष सत्र बल मैं स्थानांतरण हुआ है. हिना खान पर आरटीआई एक्टिविस्ट आशीष चतुर्वेदी ने पचास लाख की घूस मांगने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे, हालांकि इन आरोपों की कभी पुष्टि नहीं हुई.

सहेजा सरपंच-सचिव की मनमानी, पहली बारिश में घरों में भरा पानी

नवभारत न्यूज़

खंडवा। सहेजा सरपंच सचिव की मनमानी के चलते पहली बारिश में लोगों के घरों में भरा पानी आज जब सहेला ग्राम में पहली बारिश हुई तो सरपंच सचिव की सारी पोल खुल गयी वहीं ग्रामवासियों में जबरदस्त क्रोध देखने को मिला लोग सरपंच के घर छाता लगाकर पंहूचे तब भी उनपर कोई असर नहीं हुआ लोगों का कहना है की सरपंच सचिव को हरसूद -छनेरा सीओ का सपोर्ट है इसलिए वह गांव वालों को ठेगां दिखाते रहते हैं जो कार्य बारिश के पहले होना चाहिए उसमें लापरवाही बरती गयी है

वहीं कई लोगों का कहना है की गांव में लगभग 150 प्रधानमंत्री आवासमिले हुए हैं लेकिन उसमें भी भारी भ्रष्टाचार का पता चला है प्रधानमंत्री आवास नाम व सिरियल नंबर से आती है लेकिन इसमें भी जो पात्र व्यक्ति हैं उनके बदले अन्य लोगों को आवास बांटने का मामला भी सामने आया है इस मामले में हरसूद -छनेरा जनपद पंचायत सीईओ को जांच करना चाहिए और पात्र व्यक्ति को ही आवास आवंटित किये जाना चाहिए अगर ऐसा नहीं होता है तो इसकी शिकायत मां.मुख्यमंत्री मोहन यादव को की जाएगी.

विधायक ने पिलाई पोलियो की खुराक

सिंगरौली, 28 जून. राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान के तहत रविवार को जिले में जिला स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया गया. आज पहले दिन 2 लाख 12 हजार में से करीब डेढ़ लाख यानी 69 प्रतिशत नौनिहालों को पल्स पोलियों की दवा पिलाई गई. जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेन्टर बैढ़न में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय एवं पार्षद संतोष शाह ने 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया. सबसे पहले चार वर्षीय कृष्णा वेरी को पोलियो की खुराक पिलाई गई.

कार्यक्रम | उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने पिपलिया मंडी में सुनी 'मन की बात'

डिफेंस, योग, स्वच्छता और प्राकृतिक खेती पर पीएम का संदेश

मंदसौर, 28 जून. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने रविवार को पिपलिया मंडी के बूथ क्रमांक 87 पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण किया. कार्यक्रम का प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया, जिसे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने देखा और सुना.

प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के दौरान देश की उपलब्धियों, जनभागीदारी तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए गए. प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय योग की बढ़ती प्रतिष्ठा, स्वच्छ भारत अभियान, पौधारोपण, प्राकृतिक खेती, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सड़क सुरक्षा, खेलों में युवाओं की उपलब्धियों तथा दुर्लभ पक्षियों के संरक्षण जैसे विषयों पर प्रेरक संदेश दिए.

> इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने और जनभागीदारी को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम बन चुका है. कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे.

सीधी संभाग में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता रंजीत साहू निलंबित

भोपाल, 28 जून. मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने हनुमना स्थित 2 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र में विद्युत उपकरणों और सामग्री के कथित दुरुपयोग की शिकायत पर कनिष्ठ अभियंता रंजीत कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. कंपनी ने मामले की जांच के बाद प्रथम दृष्टया उनकी संभावित संलिप्तता मानते हुए यह कार्रवाई की.

मुख्य अभियंता (प्रवर्तन) रीवा की जांच समिति ने स्थल निरीक्षण और दस्तावेजों की जांच में पाया कि संयंत्र के विद्युत संयोजन और लाइन विस्तार का कार्य मै. ओम एंटरप्राइजेज ने किया था, जिसकी प्रोपराइटर रंजीत कुमार साहू की पत्नी ममता कुमारी हैं. जांच के दौरान कुछ उपकरणों पर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी और कंट्रोल केबल पर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी का नाम अंकित मिला. वहीं वीसीबी की नेम प्लेट पर क्रेता संबंधी विवरण मिटा हुआ पाया गया. कंपनी प्रबंधन ने रंजीत कुमार साहू का मुख्यालय निलंबन अवधि में अधीक्षण अभियंता (संचालन/संधारण) कार्यालय, उमरिया निर्धारित किया है.

चेंबर चुनाव : रविवार को भरे 190 परचे अब तक कुल 489 नामांकन भरे गए

ग्वालियर. मप्र चेंबर आफ कामर्स एंड इण्डस्ट्रीज के चुनाव के लिये रविवार को परचा भरने का आखिरी दिन था. रविवार को कुल 190 नामजदगी के परचे विभिन्न प्रत्याशियों ने भरे. इसमे 4 अध्यक्ष व 1 संयुक्त सचिव के लिये भरा गया. वहीं 185 फार्म कार्यकारिणी सदस्यों के लिये भरे गये. कार्यकारिणी सदस्यों के लिये अब तक 451 फार्म जमा किये गये हैं. वहीं अध्यक्ष से लेकर संयुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मानसेवी सचिव, संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष के लिये 38 फार्म भरे गये हैं. चेंबर के निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि अब सोमवार से नामांकन पत्रों की जांच का काम शुरू किया जायेगा. उन्होंने बताया कि एक-एक नामांकन पत्रों की सूक्ष्मता से जांच की जायेगी. चेंबर आफ कामर्स में रविवार को अध्यक्ष पद के लिये स्वतंत्र उम्मीदवार डा. प्रवीण अग्रवाल ने 4 नामांकन का सेट अलग से जमा किया. जबकि शनिवार को वह एक सेट अपने समर्थकों के साथ जमा कर चुके थे. इसी क्रम में रविवार को संयुक्त अध्यक्ष के लिये वरिष्ठ व्यापारी नेता निर्मल जैन ने स्वतंत्र रूप से परचा भरा. इसके अलावा रविवार को कार्यकारिणी के लिये 266 नामांकन फार्म जमा किये गये. इस प्रकार कार्यकारिणी के लिये अब कुल 451 आवेदन आ चुके हैं. जबकि कुल 150 सदस्यों का चुनाव होगा.